रणजीत टाइम्स

इंदौर
बुधवार, 11 फरवरी, 2026
वर्ष 02 | अंक 40 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585


प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

पूर्व आर्मी चीफ की पुस्तक को लेकर आमने - सामने सरकार और विपक्ष

# किताब पर रार, पेंगुइन ने कहा... छपी ही नहीं राहुल का सवाल-पब्लिशर झूठा या नरवणे

नईदिल्ली, एजेंसी

बजट सत्र के 10वें दिन आज भी लोकसभा में कार्यवाही नहीं हो सकी। 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। महज 1 मिनट बाद चेयर पर मौजूद पीसी मोहन ने सदन स्थगित कर दिया। इससे पहले लोकसभा के बाहर जनरल नरवणे की किताब पर विवाद को लेकर राहुल गांधी ने कहा - या तो पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर प्रकाशक पेंगुइन। राहुल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नरवणे झूठ नहीं बोलेंगे। लोकसभा परिसर में राहुल गाँधी ने जनरल नरवणे कि एक्स पर मेसेज का जिक्र किया। इसमें कथित रूप से कहा गया है किताब उपलब्ध है और राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस स्पष्टीकरण के बाद आया, जिसमें कहा गया है कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने स्वद्धक्रभी दर्ज की है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा जा रहे हैं। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए। इसे लेकर ही कार्यवाही के शुरू होते ही सांसद नारेबाजी करते हैं। राहुल सदन में इस किताब में से वे अंश पढ़ने पर अड़े हैं जिसमे भारत और चीन की सेना कि आमने सामने होने कि घटनाक्रम का कथित रूप से जिक्र है।



## फिजिकल पब्लिकेशन जरूरी नहीं: कार्ति



सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, 'जब कोई किताब लिखी जाती है, तो उसे क्रिटिक्स के बीच बड़े पैमाने पर सर्कुलेट किया जाता है, रिव्यू के लिए दिया जाता है, इसलिए बहुत से लोगों तक इसकी पहुंच होती है। उनका यह कहना कि किताब लीक हो गई है, मुझे नहीं पता कि वे इस मामले में क्या करने वाले हैं। आज, पब्लिकेशन का मतलब फिजिकल पब्लिकेशन नहीं है; इसका मतलब पब्लिक डोमेन में पब्लिकेशन भी है। फेसबुक पर एक ट्वीट या पोस्ट भी पब्लिकेशन है। यह इस सरकार के तहत लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों का एक और गलत काम है।'

## राहुल पर एक्शन हो - निशिकांत

पूर्व आर्मी चीफ किताब के सर्कुलेशन की जांच के लिए एफआईआर फाइल करने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 'पेंगुइन ने एक स्टेटमेंट जारी किया है जिसमें कहा गया है कि किताब प्रिंट या रिलीज नहीं हुई है और वे एक्शन लेंगे। संसद में नियम हैं, और कोई इसे गुमराह नहीं कर सकता। अगर पब्लिशर कहता है कि किताब पब्लिश नहीं हुई है, तो वह कौन सी किताब दिखा रहा है? मैं स्पीकर से राहुल गांधी और इन सोरोस एलिमेंट के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की रिक्वेस्ट करता हूं जो देश को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।



## टाइपसेट पीडीएफ कॉपी वायरल

पुलिस के मुताबिक इस किताब के पब्लिकेशन के लिए अभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिली है। पुलिस जांच में सामने आया कि इसी टाइटल वाली किताब की PDF कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध थी। आशंका जताई गई है कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जो कॉपी तैयार की थी, यह वही हो सकती है। इसके अलावा, कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स पर किताब के कवर को इस तरह दिखाया गया, जैसे वह खरीद के लिए उपलब्ध हो। इस पूरे मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केस दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अप्रकाशित और बिना मंजूरी वाली किताब की सामग्री कैसे सार्वजनिक हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

पास में पड़ी थी एसिड बॉटल, चार महीने पहले लिया था एडमिशन, आलीराजपुर की रहने वाली थी रोशनी

# गांधी मेडिकल कॉलेज की छात्रा का बाथरूम में मिला शव



भोपाल। घटना की सूचना मिलने के बाद मॉर्चुरी के बाहर एकत्रित छात्र।

भोपाल. एजेंसी

यहां के प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा रोशनी की मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बाथरूम में लाश मिली है। पास ही एसिड की एक बॉटल पड़ी हुई थी। रोशनी ने अक्टूबर 2025 में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था और वे डे-स्कॉलर थीं। पता चला है कि कोहेफिजा थाना क्षेत्र के एक पीजी में रह रही थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक पीजी में जब वह सुबह कॉलेज के लिए अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को को अनहोनी की आशंका हुई।

साथी छात्रों के मुताबिक, रोशनी को कई बार आवाज देने और फोन कॉल करने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पीजी के गार्ड को सूचना दी गई। इसके बाद पहले कमरे और फिर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया। वहां का दृश्य देखकर सभी सकते में आ गए। वहां रोशनी अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। पीजी में रहने वाली छात्राओं ने बताया कि रोशनी के पास एक खाली एसिड की बोतल भी पड़ी हुई थी, जिससे स्थिति और गंभीर लगने लगी। तत्काल कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी गई। रोशनी को सुबह करीब 8:30 बजे हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग ले जाया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर्स ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

रोशनी ने पिछले साल अक्टूबर में गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में दाखिला लिया था। वह आलीराजपुर की रहने वाली थी। साथी छात्रों ने बताया कि वह हाल ही में, बीते सप्ताह ही घर से लौटकर आई थी। वह पढ़ाई को लेकर गंभीर और शांत स्वभाव की थी। फिलहाल रोशनी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दे दी है। घटना को लेकर कोहेफिजा पुलिस जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## चुनाव के समय आती हैं याचिकाएं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान और एक वीडियो विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। सीएम सरमा पर लगाए गए आरोपों पर मुख्य न्यायाधीश सीजेआई ने प्रतिक्रिया देते कहा कि चुनाव के समय ऐसे मामलों का अदालत में आना आम बात है। उन्होंने टिप्पणी की कि जब चुनाव आते हैं, तो चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाने लगता है। यही समस्या है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे। मुख्य न्यायाधीश की इस टिप्पणी का मतलब है कि कोर्ट इस याचिका को देखेगा और मामले की जांच करेगा।

## राजेंद्र शुक्ला को पुष्पांजलि



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की जयंती पर विधानसभा परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा कई घरों में लगाई आग



इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में हथियारबंद उग्रवादियों ने कई घरों में आग लगा दी और गोलीबारी की। यह घटना तांगखुल नगा समुदाय के एक सदस्य पर हमले को लेकर तनाव बढ़ने के बीच हुई। हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने जिले में 5 दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। पुलिस के अनुसार, लिटान सारेइखोंग इलाके में हुई गोलीबारी और आगजनी की यह घटना एक दिन पहले दो तांगखुल नगा संगठनों द्वारा उखरुल और कामजोंग जिलों में कुकी समुदाय की आवाजाही पर पाबंदी लगाए जाने के बाद हुई।

मथुरा में सामूहिक आत्महत्या से सनसनी

# परिवार के पांच लोगों ने दूध में मिलाकर खा लिया जहर

मथुरा. एजेंसी

मथुरा के महावन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पति-पत्नी और बच्चों ने दूध में मिलाकर जहर पीया था।

आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा गया। सूचना मिलते ही एसएसपी और डीआईजी मौके पर पहुंच गए हैं। इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।



# पुलिस अपनी ही कार्यवाही में घिरी नाबालिग को जेल भेजने की क्या थी जल्दी

**रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के धनपुरी प्रवास के दौरान कॉंग्रेस द्वारा काला झंडा दिखाए जाने के मामले में पुलिस कार्रवाई पर नया विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए तीन प्रदर्शनकारियों में एक नाबालिग भी शामिल बताया जा रहा है। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं ने पुलिस पर जल्दबाजी और संवेदनहीनता का आरोप लगाया है।

कांग्रेस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए युवकों में शामिल नाबालिग की उम्र 17 वर्ष 8 माह 17 दिन है, जो दस्तावेजों में दर्ज है। आरोप है कि पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उसे भी अन्य के साथ जेल भेज दिया, जबकि बुधवार से उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है। पार्टी नेताओं ने कहा कि परीक्षा से ठीक पहले इस तरह की कार्रवाई से छात्र का भविष्य प्रभावित हो सकता है।

वहीं, इस मामले में पुलिस अधीक्षक रामजी



श्रीवास्तव का कहना है कि मुख्यमंत्री के काफिले के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वाले तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों द्वारा बताए गए नाम और उम्र के आधार पर दस्तावेज तैयार कर उन्हें कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजने का आदेश हुआ।

मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने इसे छात्र के अधिकारों से जुड़ा विषय बताते हुए प्रशासन से पुनर्विचार की मांग की है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को लेकर जिले में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

नाबालिग को जेल भेजना कानूनन उचित नहीं

नाबालिग को जेल भेजना कानूनन उचित नहीं है। क्रिमिनल अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने कहा कि सात साल तक के अपराध में यदि नाबालिग को गिरफ्तार किया जाता है तो उसे मुचलके पर रिहा किया जाना चाहिए। 17 साल 8 माह के किशोर को किशोर न्यायालय में पेश किया जाना था, लेकिन पुलिस ने जल्दबाजी में उसे तहसील न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। यह न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि राजनीतिक दबाव में पुलिस ने यह कदम उठाया होगा।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल 10 फरवरी 2026- सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इंटरनेट का उपयोग करते समय किस प्रकार सावधानी बरती जानी चाहिए, मजबूत पासवर्ड कैसे बनाए जाएं, फिशिंग जैसी ऑनलाइन धोखाधड़ी से कैसे बचा जा सकता है तथा "डिजिटल अरेस्ट" जैसा कोई वास्तविक कानूनी कॉन्सेप्ट नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने डीपफेक से बचाव, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया।

मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीन डॉ. बी रामटेके, एनआईसी कार्यालय के डीआईओ श्री मधुकर सिंह, ओम जायसवाल, अनिल गुप्ता सहित प्राचार्य, प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# शिक्षा के प्रति कैदी का लगाव पुलिस सुरक्षा के बीच दिया परीक्षा

**प्रदीप सिंह बघेल**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज 10 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। इसी बीच उमरिया जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। उमरिया जिला जेल का विचाराधीन कैदी भी 12वीं की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंचा। पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालरी में पुलिस सुरक्षा के साथ उसकी दिलाई गई परीक्षा।

### शिक्षा के प्रति लगन और प्रेरणादायक दृश्य

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज 10 फरवरी से वहीं 10 बोर्ड की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं। उमरिया जिले में इन परीक्षाओं के दौरान एक अनोखा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जिला जेल उमरिया का विचाराधीन कैदी सुजान खान ने भी शिक्षा के प्रति अपनी लगन और इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए कक्षा 12वीं की परीक्षा दी। सुजान खान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालरी परीक्षा केंद्र पर लाया गया, जहां उसने निर्धारित समय पर परीक्षा में भाग लिया।

### हाथ में हथकड़ी देख स्कूली छात्र हुआ अचंभित

सुजान को परीक्षा केंद्र पर जब स्थानीय लोगों और परीक्षार्थियों ने एक बंदी को परीक्षा देने आते देखा तो वे आश्चर्यचकित रह गए। हालांकि, प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जेल में निरुद्ध बंदियों को भी शिक्षा का अधिकार प्राप्त है और यदि वे पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें अवसर प्रदान किया जाता है। जेल प्रशासन और शिक्षा विभाग के समन्वय से सुजान खान की परीक्षा सुनिश्चित कराई गई। जेल अधीक्षक डी के सारस का कहना है कुछ महीने पहले ही सुजान खान एक आपराधिक प्रकरण में जेल में निरुद्ध हुआ है उसने बातचीत में बताया कि वो 12वीं का छात्र है और परीक्षा में शामिल होना चाहता है इसलिए उसके लिए नियमानुसार कानूनन अनुमति ली गई और परीक्षा दिलाई गई।

शिक्षा से हो सकता है जीवन में बदलाव जेल अधीक्षक का कहना है कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है और बंदियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास किए जाते हैं। यह पहल अन्य बंदियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा की ओर अग्रसर हों। उमरिया में यह घटना शिक्षा के महत्व और सुधार की दिशा में उठाए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है,



जिसे लोगों ने सराहनीय पहल बताया है। यह नजारा देखकर वहां मौजूद स्टूडेंट्स दंग रह गए। यह मामला शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच और सुधार की मिसाल बन गया है।

# आबकारी विभाग झाबुआ द्वारा ग्राम कोकावद में सुने मकान से 2 लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जप्त

**सलीम हुसैन**

जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर झाबुआ, नेहा मीना एवं संजय तिवारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में मदिरा संग्रहण, परिवहन, चैर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध बसंती भूरिया, जिला आबकारी अधिकारी झाबुआ के निर्देशन में आज दिनांक 10 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर आबकारी वृत्त झाबुआ 'अ' के ग्राम कोकावद मे पिलियाखदान रोड से अंदर की ओर स्थित मुखबिर द्वारा बताये स्थान सुने मकान की विधिवत तलाशी लेने पर विदेशी मदिरा माउन्टस 6000 सुपर स्ट्रांग बियर कैन की 53 पेटी, गोवा व्हिस्की पाव 04 पेटी, रॉयल स्टेग पाव 02 पेटी, लंदन प्राईड बोतल 01 पेटी एवं पोलेण्ड प्राईड वोदका 02 पेटी कुल 62 पेटी (कुल- 715.56. बल्क लीटर)



विधिवत जप्त कर कब्जे आबकारी लेकर मौके से फरार अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क), 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही नवीन विधान के तहत विडियोग्राफी व फोटोग्राफी कि गयी। जप्तशुदा मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य राशि रुपये 2,22,388/- है।

उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक अकलेश सोलंकी द्वारा की गई एवं आबकारी स्टाफ श्रीराम शर्मा, सोहन नायक, वाहन चालक बहादुर का उल्लेखनीय योगदान रहा। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# महू में रेलवे विकास के लिए हटाया गया अतिक्रमण

### रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के बाद रेलवे-रक्षा संपदा विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**जितेन्द्र वर्मा**

महू रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर लंबे समय से अटकी परियोजना अब आगे बढ़ती दिख रही है। मंगलवार सुबह रेलवे और रक्षा संपदा विभाग ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। यह अभियान स्टेशन के पीछे स्थित बंडा बस्ती और खान कॉलोनी क्षेत्र में चलाया जा रहा है।



**रक्षा भूमि मिलने से खुला विकास का रास्ता**

करीब एक साल से फाइलों में अटकी महू रेलवे स्टेशन विकास योजना अब जमीन पर उतरने को तैयार है। रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के बाद रेलवे को 3.4806 एकड़ रक्षा भूमि मिल गई है। जमीन नहीं मिलने के कारण प्लेटफॉर्म विस्तार और नई रेल लाइनों की योजनाएं रुकी हुई थीं।

**भारी मशीनों से हटाया जा रहा अतिक्रमण**

मंगलवार सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुई कार्रवाई में पोकलेन और जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। मौके पर रेलवे, कैंट बोर्ड, आरपीएफ, जीआरपी, महू कोतवाली पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे।

**क्षेत्रीय रेल हब बनेगा महू स्टेशन**

रेलवे का कहना है कि जमीन मिलने के बाद महू रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय रेल हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें ट्रैक और प्लेटफॉर्म विस्तार के साथ यात्री सुविधाओं में भी सुधार किया जाएगा, जिससे शहर की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने विरोध भी किया। उनका कहना है कि वे कई वर्षों से यहां रह रहे हैं और उनके पास रहने का कोई अन्य ठिकाना नहीं है मौके पर मौजूद प्रशासन ने लोगों को समझाइश दी।

## पुलिस कमिश्नर इंदौर ने, अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स व ब्राउन शुगर जप्त करने वाले 06 पुलिसकर्मियों सहित कुल 19 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को किया सम्मानित

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। पुलिसिंग के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 19 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर, की उनके कार्यो की सराहना। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 10.02.26 को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 19 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) श्री आर.के. सिंह सहित उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

**पुरुस्कृत पुलिसकर्मी**

उनि प्रविण जाधव, आर 3527 नारायण सिंह, आर 3418 कमलेश चोरे थाना राऊ - अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के विरूध्द कार्यवाही करते हुए 03 आरोपियो को गिरफ्तार कर 62 ग्राम एमडी ड्रग्स कीमती लगभग 6,31,170 रुपये की जप्त करने मे सराहनीय कार्य करने पर। प्र. आर 3202 ओमप्रकाश थाना मल्हारगंज - ऑपरेशन मुस्कान के तहत 24 घंटे के अंदर नाबालिक बालिका को दस्तयाब करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। आर 3896 भूपेश शर्मा, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) कार्यालय नगरीय इंदौर - थाना मल्हारगंज क्षेत्रांतर्गत चरण पादुका यात्रा के दौरान 15 वर्षीय बालिका का तबीयत खराब होने से तत्काल अस्पताल पहुचाने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। कार्य. सउनि मनोज कुमार दुबे, प्र.आर. 2732 नागेंद्र यादव थाना आजादनगर - थाना आजाद नगर के प्रकरण मे चोरी के आरोपी गिरफ्तार कर माल मश्रुका जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। उनि अजय मार्को, कार्य.प्र.आर 1173 राजेंद्र देशमुख थाना कोतवाली अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को 605 क्वाटर शराब व कार जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। उनि अक्षय खडिया, प्रआर.1827 अजय ठाकुर, प्रआर 3090 संदीप सिंह थाना अपराध शाखा - अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर सहित आरोपी को गिरफ्तरा कर 102.76 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर। आर 1887 जितेंद्र सिंह, आर 3404 रंजीत सागोरे, आर 4870 प्रशांत, कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नगरीय इंदौर - ई-एचआरएमएस पोर्टल पर नगरीय पुलिस के कर्मचारियो की सेवा पुस्तिका ऑनबोर्ड समय सीमा मे करने सराहनीय भूमिका निभाने पर। म.आर.259 टोनिका मौर्य थाना यातायात-आईटी पार्क पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। आर 3436 नीरज तिवारी थाना यातायात-ट्रैफिक प्रहरी अभियान हेतु तकनीकी कार्य (गुगल फार्म, क्युआर कोड एवं तकनीकी प्रजेंटेशन तैयार करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। म.आर 4631 मंजू थाना यातायात- इंडस्ट्री हाउस चौराहे पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर।

## महू में बेरछा गांव के पास दिखे दो तेंदुए

**महू के बेरछा गांव के पास मंगलवार सुबह दो तेंदुए दिखाई दिया। आबादी क्षेत्र के पास तेंदुओं की मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया।**

**जितेन्द्र वर्मा**



ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुओं का यह जोड़ा गांव के काफी पास देखा गया। सुबह के समय तेंदुओं को खुले में घूमते देख लोग सहम गए। कुछ ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन में तेंदुओं का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण कपिल कौशल ने बताया कि जैसे ही तेंदुओं के दिखने की सूचना गांव में फैली, उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**वन विभाग को दी गई सूचना**

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव के आसपास तेंदुओं की निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी जंगली जानवर गांव के पास देखे जा चुके हैं। ऐसे में वन विभाग को समय रहते कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बेहतर यातायात प्रबंधन में सराहनीय योगदान देने वाले 04 ट्रैफिक प्रहरियों को पुलिस कमिश्नर इंदौर ने किया सम्मानित

**ट्रैफिक प्रहरी अभियान में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर दे रही है भागीदारी। शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु जुड़ने वाले नए ट्रैफिक प्रहरियों को भी कैप, जैकेट, गिफ्ट आदि प्रदाय कर किया प्रोत्साहित। अभी तक 3050 ट्रैफिक प्रहरी पुलिस के साथ जुड़कर, दिया विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था में योगदान।**



## आदित्य शर्मा

इंदौर- शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही के साथ ही बेहतर यातायात व्यवस्था में आम जनमानस की सहभागिता भी बढ़े तथा सभी में यातायात नियमों के पालन के प्रति जनजागृति आए इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंदौर पुलिस द्वारा "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान का संचालन किया जा रहा है। उक्त अभियान से शहर के जिम्मेदार व जागरूक नागरिक जुड़ भी रहे है, जिन्हें प्रोत्साहित करने हेतु आज दिनांक 10.02.26 को पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने बेहतर यातायात व्यवस्था में सराहनीय कार्य करने वाले उत्कृष्ट प्रहरी सुधीर सूभेदार, मंगेश कदम, जफर खान, नीरज शर्मा को शील्ड, प्रशस्ति पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अभियान से जुड़ने वाले नए ट्रैफिक प्रहरियों को कैप, उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया और उन्हें जैकेट, सिटी, लाइट बेटन और बेच प्रदान कर, उनके द्वारा समाजहित में जो अभिन्न सेवा देंगे, उसके लिए उनकी सराहना भी की।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने उक्त अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान से अभी तक 3050 जिम्मेदार नागरिक जुड़ चुके है और अपनी सुविधानुसार विभिन्न चौराहों पर यातायात प्रबंधन में सहयोग भी किया है। उन्होंने आमजन को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, हमारी इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात प्रबंधन एवं नियम पालन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। इससे जुड़ने के लिए दिये गए क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म भर सकते हैं, अपने सुविधानुसार समय एवं स्थान का चयन कर यातायात प्रहरी के रूप में कार्य कर सकते हैं। "ट्रैफिक प्रहरी" के माध्यम से नागरिकगण यातायात पुलिस की सहायता कर सकते है और आमजन में नियमों के पालन हेतु जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

# खिताबी फाइनल मुकाबला महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में नैशनल फुटबॉल क्लब महू ने जीता



## जितेन्द्र वर्मा

महू। खेलो की नगरी महू शहर मे मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्री भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्वर्गीय श्री शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में आयोजित ऑल इंडिया महिला एवं राज्य स्तरीय पुरुष दोनों वर्गों में रात्रिकालीन दूधिया रोशनी में शानदार रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। समापन पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री रमेश मेंदोला जी, (लोकप्रिय विधायक एवं अध्यक्ष इंदौर जिला फुटबॉल संघ), श्री अमित रंजन देव (सचिव मप्र फुटबॉल एसोसिएशन) श्रीमति जयश्री शिरोही जी(मैनेजर पीएनबी महू ब्रांच), श्री रामकिशोर शुक्ला जी(अध्यक्ष पूर्व नग पालिका महूगांव), श्री एस.एज नकवी जी(सदस्य ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन), श्री प्रमोद शर्मा जी (सचिव डीएफए नीमच), श्री फायाज़ खान(समाजसेवी एवं एकता फ्यूल संचालक) श्री नवीन सैनी (समाजसेवी) श्री राजेंद्र श्रीवास जी(संस्थापक महू प्रेस क्लब), श्री अखिलेश तिवारी (अधिवक्ता हाई कोर्ट इंदौर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित शुक्ला ने किया तथा आभार नीरज शर्मा द्वारा माना गया। इस अवसर पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एस.एम सलीम, ओपी बाथम, अविनाश यादव, संदीप जयसवाल, इनामुलहक, नितिन संकत, रमीज राजा, यशवंत कौशल, प्रवीण कांबले, जीतू संकत, शिवम शर्मा, अशोक डागर, पहलाद परदेशी आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर मो.रसीद एवं मो इलियाकत जी का मंच से मुख्य अतिथि मेंदोला जी ने हार श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता के अंतर्गत खिताबी फाइनल मुकाबला रात्रिकालीन दूधिया रोशनी में खेला गयो

# क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्यवाही में कृषि भुमि पर कूटरचित दस्तावेजों की सहायता से अवैध लाभ अर्जित करने वाले दो और फरार गिरफ्तार

**आरोपियों के नाम - चंदन कीर एवं मेहरबान सिंह कीर प्रकरण में पूर्व में दो आरोपी प्रवीण पूनम चंद व प्रवीण सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया है।**



इंदौर पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर कमिश्नरेट में लोगो से छल कपट कर आर्थिक ठगी में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों को शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही हेतु लगाया गया है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच, इंदौर की EOW टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी एवं आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक ऐसे शातिर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होने आवेदकों से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कृषि भूमि अवैधानिक रूप से अन्य पक्षों से करोड़ो रुपये की ठगी की थी।

## आरोपीयों के नाम

1. चंदन पिता स्व. प्रभुलाल, 2. मेहरबान सिंह पिता प्रभुलाल, 3. सीमाबाई पति दशरथ, 4. कृष्णाबाई पति मोहनलाल 5. प्रवीण पूनमचंद 6. प्रवीण सिसोदिया

घटना का विवरणः क्राईम ब्राँच इंदौर को आवेदक विशाल सिंह द्वारा एक शिकायत आवेदन पत्र दिया गया जिसमें आवेदक ने आरोपियो के द्वारा फर्जी अनुबंध-फर्जी मानचित्र बनाकर करोंड़ो रुपए किमती जमीन की धोखाधड़ी कूटरचना और कब्जा करने की शिकायत की थी। जिसके बाद कार्यवाही करते जाँच में पाया कि अनावेदकगण द्वारा संगमत होकर उक्त वाद भूमि के संबंध में भूमि स्वामित्व को लेकर सिविल वाद के निराकरण के पूर्व ही समस्त तथ्य छुपाकर कुटरचित अनुबंध पत्रों एवं कुटरचित अवैध फर्जी कॉलोनी मय नक्शा तैयार किया गया एवं अंततः अन्य तीसरे पक्ष को तीसरा विक्रय कर उक्त वाद भूमि की रजिस्ट्री कर पुनः कुल राशि 3,62,00,000/- रु का सदोष लाभ प्राप्त कर अनावेदकगणों द्वारा संगमत होकर आपराधिक षडयंत्र कारित कूटरचित दस्तावेजों निर्माण कर धोखाधड़ी की गई। ₹ आरोपी चंदन को क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर टीम के माध्यम से चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया ₹ आरोपी से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर यह ठगी कर रहा था ₹ आरोपी के पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक, एवं फर्जी दस्तावेज़ के संबंध में पूछताछ जारी हैं। प्रकरण में अपराध क्रमांक 188/25 धारा 318 (4),340(2),336(3),338,61(2),3(5) BNS भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से और भी ठगी की घटनाओं के खुलासे की संभावना है।

## टीम की सराहनीय भूमिका

क्राइम ब्रांच इंदौर की EOW इन्वेस्टिगेशन टीम का विशेष योगदान रहा।

## अग्रिम पुलिस कार्यवाही

अभियुक्तों की पुलिस रिमांड लेकर उसके सहयोगियों, बैंक खातों दस्तावेजों की जाँच की जा रही है।

# चित्त की निर्मलता व पवित्रता साधक की साधना को साध्य बनाती है

वर्तमान परिस्थितियों में कभी कभी मन बहुत व्यथित होता है, मन को शांत करना और विचारों में स्थिरता व सकारात्मकता स्थापित करना थोड़ा कठिन जान पड़ता है। विडंबना इस कलियुग की ये है कि इस युग में सबसे ज्यादा अशुद्ध मनुष्य का मन, चित्त व हृदय ही हैं। अनुकूल परिस्थितियां न पाकर सबसे पहले यह मन ही क्रोध से भरता है और नकारात्मक विचारों की उथल-पुथल चित्त को अशांत व गर्म कर देती है। यह परिस्थिति मनुष्य को इतना बैचेन कर देती है कि वह रातों की नींद भी खो बैठता है। धीरे-धीरे शरीर भी रोगग्रस्त होने लगता है। फिर मनुष्य अपनी आदत के अनुसार अपनी गलतियों व दोषों को भगवान अथवा दूसरे लोगों के सर मढ़ने लगता है। अपनी गलतियों के लिए भगवान को कोसने से अच्छा है कि अपने मन को ही शुद्ध बना लिया जाए। पर प्रश्न यह उठता है कि कैसे? जिस समाज में हम रहते हैं वहां का माहौल सदैव आध्यात्मिक, सुखद व सकारात्मक नहीं होता है। इसी कारण मन व चित्त को शुद्ध



रख पाना मुश्किल कार्य है। पर इसे संभव बनाया जा सकता है, सहजयोग में नित्य ध्यान व सूक्ष्म चक्रों की जागृति से यह कार्य अत्यंत ही सहज हो जाता है। शुद्ध चित्त से साधक की साधना को बल मिलता है साथ ही मन में उठने वाले विचार शांत हो कर निर्विचारिता की प्राप्ति होती है। क्या आप जानना नहीं चाहेंगे कि चित्त का सहज शुद्धिकरण कैसे होता है? सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने स्पष्ट किया है कि, पहला चक्र मूलाधार चक्र है।इस पर श्री गणेश जी की शक्ति कार्य करती है। श्री गणेश हमारे चित्त व विचारों को निर्मल व शुद्ध करते हैं। न केवल विचारों व चित्त को बल्कि वे हमारे चक्रों, नाड़ियों व हृदय को शुद्ध, पवित्र व निर्मल करते हैं। उनकी शक्ति से हम अपने विचारों को साधते हैं। वे हमारे क्रोध को भी शांत करते हैं। मां ने स्वाधिष्ठान चक्र को दूसरा महत्वपूर्ण चक्र बताया है। इस चक्र पर श्री ब्रह्मदेव व श्री सरस्वती की शक्ति कार्य करती है। श्री माताजी ने बताया है कि यह चक्र हमारे विचारों को साधने में सहायक होता है। इस चक्र की सहायता से हम निर्विचारिता को प्राप्त कर सकते हैं। शुद्ध विद्या व परमात्मा को पाने का ज्ञान इस चक्र के शुद्धिकरण से संभव है। हम असीम शक्तियों को धारण किए हुए हैं,बस उन शक्तियों की जागृति हमें आनी चाहिए। आप यह सब सहजयोग ध्यान के माध्यम से बड़ी ही सरलता से कर सकते हैं। इसकी अनुभूति लेने के लिए सहजयोग ध्यान केंद्रों पर जाकर आप अपनी कल्पनाओं को प्रत्यक्ष में बदलते देख सकते हैं। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# लापता

**अथर्व पंडित**



इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार और एडवोकेट सुधीर पंडित का पुत्र अथर्व पंडित लापता है। उम्र 12 वर्ष। मंगलवार शाम 5 बजे बंगाली चौराहे स्थित घर से साइकिल से निकाला था। स्कूल बेग लाल रंग का है। हरी टी शर्ट और काला लोअर पहना हुआ है। कृपया कोई भी जानकारी मिले तुरंत सूचित करें। इसे हर ग्रुप में शेयर करें।

**संपर्क**

**9827031318 -9407860545-9425320059**

# कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा कि अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 82 आवेदन प्राप्त हुए



## कलेक्टर द्वारा आर्थिक रूप से कमज़ोर एक आवेदक को 5,000 की सहायता राशि प्रदान

**दिलीप पाटीदार**

धार प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 82 आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में सफाई व्यवस्था, अवैध भूमि कब्जा, पेंशन प्रकरण, दिव्यांगजन सहायता, रोजगार, राजस्व, नगर



परिषद/नगर पंचायत, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। सफाई व्यवस्था एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा संबंधित नगरीय निकायों एवं राजस्व विभाग को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनसुनवाई के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर आवेदक श्री जगदीश पंवार को स्वास्थ्य उपचार हेतु जिला रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से 5,000 की आर्थिक सहायता का चेक मौके पर ही प्रदान किया। वहीं दिव्यांगजन श्री जितेंद्र नर्गिस के प्रकरण में उन्हें उपयुक्त रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेंशन से संबंधित आवेदनों पर सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग को शीघ्र परीक्षण कर पात्रता अनुसार लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने कहा कि जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी इस दिशा में संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव कुमार पांडये सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### लैला मजनू के सीन को देख फूट-फूटकर रोई थीं एकता कपूर, कहा-

# खुद को संभालने में लगे थे पांच मिनट

मशहूर टीवी और फिल्म प्रोड्यूसर एकता कपूर अपनी शानदार कहानियों के लिए दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखती हैं। सोमवार को एकता ने फिल्म लैला मजनू के एक भावुक सीन के बारे में बताया, जिसने उन्हें बहुत रुला दिया था। एकता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का भावुक सीन पोस्ट किया। साथ ही, उसने उसके पीछे की कहानी के बारे में भी बताया है। सीन में कैस (फिल्म का मुख्य कलाकार) चार साल बाद लैला से मिलने जाता है और देखते ही बेहोश हो जाता है।

वीडियो में बताया गया है कि सीन में कैस इसलिए बेहोश हो जाता है क्योंकि चार साल में जब वह लंदन में रह रहा था, तो उसने अपने दिमाग में जिस लैला के बारे में सोचा था और जिससे वह मिलता उन दोनों को



कनेक्ट ही नहीं कर पाता है। इस वजह से वह बेहोश हो जाता है। वीडियो में आगे लैला मजनू की कहानी कैसे इस फिल्म से कनेक्ट करती है, उसके बारे में भी बताया गया है।

एकता ने लिखा, ÷मैं अपने जीवन में किसी कहानी को सुनाते वक्त सिर्फ तीन बार रोई हूं। पहली बार क्योंकि सास भी कभी बहू थी के पहले एपिसोड में, जब मिहिर को बापूजी का जन्मदिन याद आता है। दूसरी बार द डर्टी पिक्चर की कहानी सुनाते समय, जब सिल्क की मौत होती है और तीसरी बार इस सीन में। एकता ने बताया कि इस सीन की नरेशन करने के दौरान वे इतनी रो पड़ी थीं कि उन्हें बीच में रुकना पड़ा था और खुद को संभालने में पूरे पांच मिनट लगे थे, जिसे देखकर खुद साजिद अली हैरान हो गए थे।

एकता ने लिखा, ÷यह सीन मुझे आज भी उतना ही खूबसूरत और असरदार लगता है, जितना पहली बार सुनते समय लगा था।

## एकता ने सीन की भावना को समझाया आसान शब्दों में


एकता ने सीन की भावना को आसान शब्दों में समझाते हुए लिखा, सोचिए, जब आप किसी से इतना गहरा प्यार करते हों कि उसे देखते ही बेहोश हो जाएं। फिल्म में लैला को हर कोई बार-बार कहता था कि देखो कैसे कैस लंदन में मजे कर रहा है, खुश है, लेकिन जब लैला अपने सामने उस दुबले-पतले, टूटे हुए इंसान को देखती है, जिसे वह प्यार करती थी, तो उसे किसी झूठ की जरूरत नहीं पड़ती। वह उसी पल समझ जाती है कि उसकी तरह ही उसकी रूह भी उसे बहुत याद कर रही थी। यह सीन प्यार की वो ताकत दिखाता है, जहां शब्दों की जगह दिल की आवाज बोलती है।

# विशाल भारद्वाज को भा गया 'अस्सी' का ट्रेलर, बोले- इसे कहते हैं फिल्म पत्रकारिता

समाज की कड़वी सच्चाई को बेनकाब करती अपकमिंग फिल्म अस्सी के दमदार ट्रेलर को आमजन के साथ ही फिल्म जगत के सितारों की ओर से भी खूब सराहना मिल रही है। फिल्म निर्माता-निर्देशक विशाल भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे न केवल शानदार बल्कि असली फिल्म पत्रकारिता भी बताया।

अनुभव सिन्हा की नई फिल्म 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री में खूब चर्चा बटोर रहा है। ट्रेलर में दिखाई गई तीखी कहानी, मजबूत संवाद और प्रभावशाली परफॉर्मेंस ने दर्शकों के साथ-साथ इंडस्ट्री के सितारों का भी ध्यान खींचा है। ट्रेलर को मिल रही तारीफों की कतार में विशाल भारद्वाज का नाम जुड़ चुका है। विशाल ने ट्रेलर को देखकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे बहुत दमदार और प्रभावशाली बताया।

विशाल भारद्वाज ने ट्रेलर को इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर निर्देशक अनुभव सिन्हा और अभिनेत्री तापसी पन्नू को मेंशन करते हुए लिखा, ÷कितना ड्रामैटिक, दमदार और काम का ट्रेलर है। इसे फिल्म पत्रकारिता कहते हैं, जो समाज



को आईना दिखाती है।÷ 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी दमदार फिल्मों का निर्माण कर चुके निर्देशक अनुभव सिन्हा अपनी शैली में 'अस्सी' के साथ वापसी कर रहे हैं। फिल्म में तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। 2 मिनट 52 सेकंड का ट्रेलर रोजमर्रा की परेशान और नजरअंदाज करने वाली खबरों और महिलाओं पर होते जुल्म की संवेदनशील कहानी को पेश करता है। ट्रेलर में तापसी एक ऐसी वकील के रूप में नजर आई हैं।



## अभिषेक की गेंदबाजी का सामना करना चाहते हैं हेड

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान एक दिलचस्प खुलासा किया है। सनराइजर्स हैदराबाद में उनके ओपनिंग पार्टनर रहे अभिषेक शर्मा को लेकर हेड ने कहा कि वह टूर्नामेंट में उनके खिलाफ बल्लेबाज़ी करना चाहते हैं और चाहते हैं कि अभिषेक उन्हें गेंदबाज़ी करें।

आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले एक रैपिड-फायर राउंड के दौरान ट्रैविस हेड से कई सवाल पूछे गए। जब उनसे पूछा गया कि वह किस गेंदबाज़ के खिलाफ मुकाबला करना चाहते हैं, तो उन्होंने बिना झिझक अभिषेक शर्मा का नाम लिया। अभिषेक भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव के पास मौजूद विकल्पों में से एक हैं, हालांकि वह नियमित रूप से गेंदबाज़ी नहीं करते।


## भारतीय पूर्व कप्तान ने नासिर हुसैन को लताड़ा, सूर्यवंशी का दिया उदाहरण

# पुरानी ताकतों को भारत का दम देखना पच नहीं रहा: गावस्कर

मुंबई, एजेंसी

टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर शुरू हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा आखिरकार समाप्त हो गया। पाकिस्तानी सरकार ने पीसीबी और पाकिस्तान टीम से भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले एक फरवरी को पाकिस्तानी सरकार ने बांग्लादेश के समर्थन में ड्रामा करते हुए भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कारण करने का एलान किया था। नौ दिन के ड्रामे के बाद और आईसीसी के चाबुक के बाद पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े।

जब पाकिस्तान का यह ड्रामा शुरू हुआ था, तो कुछ क्रिकेट पंडितों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश को अपना समर्थन दिखाया था और भारत पर सवाल उठाए थे। इनमें इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भी शामिल हैं। अब भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उन्हें करारा जवाब देते हुए लताड़ा है। गावस्कर का कहना है कि पुरानी ताकतों को भारत का दम देखना पच नहीं रहा। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए नासिर हुसैन की जमकर खिंचाई की।



### सुनील गावस्कर का पलटवार

सुनील गावस्कर ने इस टिप्पणी का सीधा नाम लिए बिना जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'कुछ लोग, खासकर पुरानी ताकतें, यह पचा नहीं पा रही है कि अब विश्व क्रिकेट का पावर सेंटर भारत है।' उन्होंने कहा कि सवाल पूछने वाले यह भूल जाते हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने पाकिस्तान जाने से काफी पहले ही मना कर दिया था। तब तक शेड्यूल भी जारी नहीं किया गया था और इसके बाद ही आईसीसी ने न्यूट्रल वेन्यू का इंतजाम किया था।

**वैभव सूर्यवंशी वाला तंज :** उन्होंने वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की विस्फोटक पारी का जिक्र करते हुए व्यंग्य किया। 'अब अगर देखें तो जो वैभव सूर्यवंशी ने किया, वही असली धौंस जमाना (बुलीइंग) है, न कि वो काल्पनिक बुलीइंग जो कुछ लोग देखते हैं।' यह टिप्पणी सीधे तौर पर उन आलोचनाओं पर वार थी, जिनमें भारत या बी सी सी आई को ताकत का गलत इस्तेमाल करने वाला बताया जा रहा था।

### क्या बोले थे नासिर हुसैन?

'अगर भारत किसी टूर्नामेंट से एक महीने पहले कह देता कि हमारी सरकार हमें किसी देश में खेलने नहीं देगी, तो क्या आईसीसी उतना ही सख्त रहता? हर कोई सिर्फ एक चीज चाहता है, समानता।' नासिर ने यह भी जोड़ा कि भारत के पास पैसा है, ताकत है, लेकिन ताकत के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

### 2003 वर्ल्ड कप का उदाहरण

गावस्कर ने दोहरे मापदंड दिखाने के लिए 2003 विश्व कप की घटना याद दिलाई, जब इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे में खेलने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा, 'तब कोई सुरक्षा खतरा नहीं था, फिर भी इंग्लैंड ने खेलने से इनकार कर दिया और अंक छोड़ दिए। क्या आईसीसी ने कुछ किया? नहीं।

### आईसीसी वोटिंग पर भी उठाया मुद्दा

गावस्कर ने यह भी याद दिलाया कि बांग्लादेश के मामले में आईसीसी बोर्ड की वोटिंग में पाकिस्तान और बांग्लादेश को छोड़कर बाकी सभी ने उनके प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया था। इसके बावजूद निशाना सिर्फ भारत पर साधा गया।

## गिल, बुमराह और जडेजा को ग्रेड ए में जगह मिली, बीसीसीआई की रिटेंशन लिस्ट जारी

# रोहित-कोहली ग्रेड-बी पर खिसके



मुंबई (एजेंसी)। बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को ए प्लस ग्रेड से डिमोट करके बी ग्रेड में डाल दिया है। बोर्ड ने सोमवार को 2025-26 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल प्लेयर्स की लिस्ट जारी की। ए प्लस ग्रेड को समाप्त कर दिया गया है।रोहित और कोहली के साथ बुमराह और जडेजा भी पिछले साल ए प्लस ग्रेड में शामिल थे। ताजा लिस्ट में इन दोनों को ग्रेड ए में शामिल रख गया है। वहीं, टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ग्रेड ए में बरकरार रखे गए हैं। ग्रेड बी में टी-20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा 10 अन्य खिलाड़ियों को रखा गया है। ग्रेड सी में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह समेत 17 खिलाड़ी हैं।बोर्ड ने रिटेन खिलाड़ियों को 3 ग्रेड में बांटा है। इनमें ए-बी और सी शामिल हैं। बोर्ड ने अभी तक नए ग्रेड मॉडल की सैलरी स्ट्रक्चर के बारे में कुछ नहीं कहा है। कुछ दिन पहले इसे बदलने की बात कही जा रही थी। पिछले साल ए प्लेस ग्रेड में शामिल प्लेयर्स को 7 करोड़ रुपए सालाना मिलते थे। वहीं, ग्रेड ए में 5 करोड़, ग्रेड बी में 3 करोड़ और ग्रेड सी में 1 करोड़ रुपए दिए जाते थे।

### रोहित-कोहली को ग्रेड-ए से बाहर क्यों किया?

रोहित और कोहली अब केवल वनडे खेल रहे हैं। इस वजह से दोनों को ग्रेड बी में डाला गया है। दोनों दिग्गजों ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था। उसके बाद मई 2024 में टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

### मेंस कैटेगरी में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया

मेंस कैटेगरी में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए में 3, ग्रेड बी में 11 और ग्रेड सी में 17 खिलाड़ी रखे गए हैं। जबकि, विमेंस कैटेगरी में 21 नाम शामिल हैं। ए प्लस ग्रेड को समाप्त कर दिया है। इसमें शामिल बुमराह-जडेजा ग्रेड ए में रखे गए हैं। जबकि, गिल ग्रेड में बरकरार हैं। वे पिछले साल भी इसी ग्रेड में थे। पिछले साल ग्रेड ए में शामिल केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत को ग्रेड बी में डिमोट किया गया है। इसमें सूर्यकुमार, कुलदीप, यशस्वी, सुंदर और अय्यर को जगह मिली है। ये सभी पिछले साल ग्रेड बी में रखे गए थे। ग्रुप सी में तिलक, रिंकू, शिवम, सैमसन, आकाश दीप, अर्शदीप, प्रसिद्ध कृष्णा, जुरेल, हर्षित राणा, चक्रवर्ती, नीतीश रेड्डी, अभिषेक शर्मा, रवि बिश्नोई और गायकवाड़ अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

## नीदरलैंड जीता


नईदिल्ली (एजेंसी)। नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें मैच में नामीबिया पर 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम ने ग्रुप ए के मैच में 157 रन का टारगेट 18 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया।दिल्ली के अरुण जेटली स्टडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए नामीबिया ने 20 ओवर में 8 विकेट 156 रन बनाए।नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 18 रन पर नाबाद लौटे। कॉलिन एकरमैन ने 32 और माइकल लेविट ने 28 रन बनाए।नामीबिया की ओर से निकोल लोफ्टी-ईटन ने 42, जॉन फाइलिनक ने 30 और जेजे स्मिट ने 15 बॉल पर 22 रन बनाए। लोगान वैन बीक और बास डी लीडे ने 2-2 विकेट लिए।

» 'ठाकुर हूं मैं' वाले वीडियो पर बैंककर्मी की सफाई, कहा-

# सहकर्मी के पति से था विवाद अपनी जाति पर मुझे गर्व है

कानपुर, एजेंसी

कानपुर में पनकी स्थित एक प्राइवेट बैंक के अंदर एक महिला कर्मचारी का किसी पर गुस्सा दिखाते हुए वायरल वीडियो सोमवार को खूब चर्चा में रहा। वीडियो में एक महिला कर्मचारी को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि ठाकुर हूं मैं मुझसे उलझना मत। महिला कर्मी की ओर से कुछ अभद्र भाषा बोलने पर उसके सहकर्मियों ने उसे रोकना चाहा, तो वीडियो में उन्हें अनसुना करते हुए किसी ग्राहक पर जमकर गुस्सा उतारते हुए महिला दिखाई दे रही है।इस दौरान वह ग्राहक पर लैपटॉप फेंकने का प्रयास भी करती हुई दिख रही है। बैंक कर्मी का नाम आस्था सिंह बताया जा रहा है। अब इस मामले में बैंक कर्मी आस्था सिंह अपनी सफाई पेश की है।



### आत्मसम्मान में कही थी ये बात

आस्था के मुताबिक, वायरल हो रहा वीडियो किसी बैंक ग्राहक के साथ विवाद का नहीं है। यह झगड़ा उनकी ही एक सहकर्मी के पति के साथ हुआ था। उन्होंने बताया कि यह वीडियो पुराना है और छह जनवरी का है, जिसे अब गलत संदर्भ में वायरल किया जा रहा है। अपने विवादित बयान ठाकुर हूं मैं...पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जाति पर गर्व है और उन्होंने यह बात आत्मसम्मान में कही थी।

## विपक्षी सांसदों के पत्र के जवाब में भाजपा की महिला सांसदों ने खोला मोर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी है। अब विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ भाजपा की महिला सांसदों ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा सांसदों ने स्पीकर को पत्र लिखकर लोकतांत्रिक संस्थानों को बदनाम करने वाले सांसदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने लिखा, '4 फरवरी, 2026 को माननीय राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के चर्चा के दौरान आपने (लोकसभा स्पीकर ओम बिरला) लोकसभा में गरिमा, मर्यादा और पवित्रता को जिस तरह से बनाए रखा, उसके लिए हम आपके प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हैं और आपकी प्रशंसा करते हैं।'

कर्नाटक में खेला तय!

# 90 विधायक चाहते हैं शिवकुमार बनें सीएम

» कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन का दावा



बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर बयानबाजी तेज है। कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने कहा कि पार्टी के कम से कम 80 विधायकों ने मुख्यमंत्री पद के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम हाई कमांड को दिया है। इस बीच, कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार दो दिनों की नई दिल्ली की यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं, दिल्ली में उनका पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए इकबाल हुसैन ने कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया द्वारा अपने पिता और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पक्ष में बयान देने की कड़ी आलोचना की और उनसे अनुशासन से काम लेने को कहा है। डीके शिवकुमार को सीएम बनाए जाने के सवाल पर कांग्रेस विधायक हुसैन ने कहा, 'हमने यह मामला हाई कमांड पर छोड़ दिया है। 80-90 विधायकों ने हाई कमांड से डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री पद के लिए मौका देने का अनुरोध किया है।

### राजनीति में अनुशासन से लेना होता है काम

इसके साथ ही कांग्रेस विधायक ने कहा, 'हमें यह पसंद नहीं है कि वह (यतींद्र सिद्धारमैया) बार-बार अपने पिता के पक्ष में बोलकर हाई कमांड को शर्मिंदा कर रहे हैं। हर पिता अपने बेटे से प्यार करता है और बेटा अपने पिता से, लेकिन राजनीति में हमें अनुशासन से काम लेना होता है। इस तरह के बयानों से दूसरों को उकसाना नहीं चाहिए।'

बिहार विधान परिषद में सीएम का माइक बंद करने पर बवाल, अशोक चौधरी ने कहा-

# नीतीश कुमार जिसे देख लें, वह भस्म हो जाएगा

पटना, एजेंसी

दरभंगा में 6 साल की बच्ची के रेप केस को लेकर बिहार विधान परिषद में हंगामे के बीच अशोक चौधरी का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिसको देख दें, वह भस्म हो जाएगा। दरअसल, दरभंगा रेप केस में विधान परिषद में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने सदन के अंदर खूब हंगामा किया। इस दौरान सभी स्ट्र वेल के पास तक पहुंच गए थे। वो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का इस्तीफा मांग रहे थे।हंगामा बढ़ता देख सीएम नीतीश कुमार ने मोर्चा संभाला और सीधे राजद पर हमला बोल दिया।



उन्होंने कहा कि लोगों ने कोई काम नहीं किया है और फालतू में आरोप लगा रहे हैं।इस दौरान नीतीश कुमार और लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी के बीच तू-तू मैं मैं भी हो गई। जिस पर खूब हंगामा हुआ। कहा जा रहा है कि तभी नीतीश कुमार का माइक बंद कर दिया गया। आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह ने पूछा कि किसके इशारे पर नीतीश कुमार का माइक बंद किया गया?

### किसी मंत्री की इतनी औकात नहीं...

कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार का माइक किसी मंत्री के इशारे पर बंद किया गया था। इस पर जब अशोक चौधरी से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि किसी मंत्री की इतनी औकात नहीं है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का माइक बंद करा दे। नीतीश कुमार एक बार किसी को जोर से देख भी लें तो वह भस्म हो जाएगा, खासकर मंत्री।

चैक बाउंस मामले में आत्मसमर्पण करने से पहले बालीवुड एक्टर का छलका दर्द

# मेरे पास पैसे नहीं हैं.., यहां कोई दोस्त नहीं: राजपाल यादव



मुंबई, एजेंसी

बॉलीवुड फिल्मों में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाले राजपाल यादव पर इन दिनों मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ा है। कुछ वक्त पहले एक चेक बाउंस मामले को लेकर उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राजपाल यादव सरेंडर करने से पहले काफी दुखी, भावुक थे। न्यूज एक्स को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। और कोई रास्ता नहीं दिखता। यहां हम सब अकेले हैं। कोई दोस्त नहीं है। मुझे इस मुश्किल से अकेले ही निपटना होगा।' इस तरह राजपाल यादव ने अपनी परेशानी मीडिया के सामने साझा की है।

### पांच करोड़ रुपये लिए थे उधार

राजपाल यादव ने एक कंपनी मेसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से लगभग 5 करोड़ रुपये उधार लिए थे। कंपनी का कहना है कि राजपाल यादव ने पैसे लौटाने के लिए कई चेक दिए, लेकिन वे सब बाउंस हो गए। कंपनी (M/s मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) ने राजपाल यादव पर चेक बाउंस का केस किया था। ये चेक फिल्म प्रोडक्शन के लिए दिए गए थे, लेकिन पैसे नहीं मिले।निचली अदालत ने राजपाल यादव को दोषी ठहराया और 6 महीने की जेल की सजा सुनाई। हाई कोर्ट ने पहले उनकी सजा को कुछ समय के लिए रोक दिया था, लेकिन शर्त रखी थी कि वे कंपनी को पैसे चुकाएंगे। कोर्ट में कई बार वादा किया गया, लेकिन राजपाल यादव ने बार-बार पैसे नहीं चुकाए। कोर्ट ने कहा कि उनका व्यवहार बहुत गलत है और वे कोर्ट के भरोसे को तोड़ रहे हैं।

### तिहाड़ जेल में किया सरेंडर

2 फरवरी को राजपाल यादव को यह निर्देश दिया गया था कि वह सरेंडर करें। अभिनेता के वकील ने कोर्ट को बताया था कि एक्टर ने 50 लाख रुपये का इंतजाम कर लिया है और भुगतान करने के लिए एक हफ्ते का और समय मांगा था। हालांकि, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने सरेंडर करने के लिए समय बढ़ाने की राजपाल यादव की अर्जी खारिज कर दी। फिर अभिनेता ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया।